सत्यमेव जयते | वर्ष 1 अंक 23 | पृष्ठ 04 | जालौर, गुरूवार, 14 जुलाई 2022 | राजस्थान के समस्त जिलो में प्रसारित | निर्भीक ॥ निडर ॥ निष्पक्ष | मूल्य-2 रूपये

दैनिक
# गुरूज्योति पत्रिका

सत्य का पुजारी हूं , भले ही छोटा ही सही , असत्य मेरे सामने टिकेगा नहीं

GET IT ON Google Play

Available on the App Store

छोटी-बड़ी खबरे...

## जयशंकर ने बताया दुनिया को संतुलित करने में संस्कृति का योगदान

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

जयशंकर ने कहा, एक विदेश मंत्री के तौर पर मुझे लगता है कि आज दुनिया को संतुलित करना बेहद जरूरी है। हमने इतिहास में देखा है कि कैसे ताकतवर देश, जो कि विनम्र शक्ति नहीं बन पाए, वहां कैसे राजनीतिक बदलाव हो गए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत को फायदा पहुंचाने वाले कारणों को गिनाया। जयशंकर ने कहा कि आज के समय में कोई देश विनम्र शक्ति (सॉफ्ट पावर) बनकर क्या करता है, यह इस पर निर्भर करता है कि वह कितना ताकतवर है। यह प्रक्रिया कभी-कभी धीरे और निरंतर हो सकती है और कभी-कभी आक्रामक। विनम्र शक्ति हमेशा आख्यान गढ़ने, छवि बनाने और स्तर-सम्मान तय करने का काम करती है। जयशंकर ने आगे कहा, एक विदेश मंत्री के तौर पर मुझे लगता है कि आज दुनिया को संतुलित करना बेहद जरूरी है। हमने इतिहास में देखा है कि कैसे ताकतवर देश, जो कि विनम्र शक्ति नहीं बन पाए, वहां कैसे राजनीतिक बदलाव हो गए। दुनिया को फिर संतुलित करने में संस्कृति सबसे अहम है। यही बात भारत के फायदे वाली है।

## पाकिस्तानी पत्रकार को बुलाने के आरोपों पर बोले अंसारी- सरकार की सलाह पर भेजा जाता था न्योता



गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

अंसारी के इस बयान के बाद अब कांग्रेस की ओर से भी जल्द जवाब आने की संभावना है, क्योंकि पूर्व उपराष्ट्रपति ने न्योते भेजे जाने के मुद्दे के लिए सीधे तौर पर तत्कालीन कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहरा दिया है।भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने भाजपा पर पलटवार किया है। भाजपा ने आज ही पाकिस्तानी पत्रकार नुसरत मिर्जा के दावों को लेकर अंसारी और कांग्रेस से जवाब मांगा था। मिर्जा ने कहा था कि वे कई बार हामिद अंसारी के न्योते पर भारत गए थे। उन्होंने यह भी दावा किया था कि आईएसआई के निर्देश पर उन्होंने कांग्रेस राज में भारत जाकर खुफिया जानकारी जुटाई थी। मिर्जा के इन दावों के बाद ही भाजपा ने अंसारी पर हमला बोला था। अंसारी ने अपने बयान में साफ किया कि उन्होंने कभी किसी पाकिस्तानी पत्रकार को न्योता नहीं दिया और न ही मिर्जा से कभी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की ओर से विदेशी हस्तियों को न्योता सरकार की सलाह पर भेजा जाता है।

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के दौर से गुजर रहा भारतः राजनाथ

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, राजनाथ सिंह ने यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि रक्षा मंत्रालय ने 2025 तक 1.75 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जिसमें 35,000 करोड़ रुपये का निर्यात शामिल है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक संक्रमणकालीन दौर देख रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए कि उनकी कंपनिया दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से हैं।

### गहलोत सरकार की तारीफ में पायलट पर फोकस

# राहुल ने गहलोत के साथ सचिन का फोटो पोस्ट किया, नए सियासी समीकरण की चर्चा

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने गहलोत सरकार के कामकाज की तारीफ करने के साथ पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का फोटो लगाकर सियासी चर्चा छेड़ दी हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर मेडिकल के क्षेत्र में गहलोत सरकार के कामकाज को सराहा है। सरकार की तारीफ वाली पोस्ट में अशोक गहलोत के साथ सचिन पायलट का भी फोटो लगाया है। गहलोत सरकार की तारीफ में की गई पोस्ट के फोटो में पायलट की एंट्री को बदलते सियासी समीकरणों से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकार इसके जरिए दो तरह के मायने निकाल रहे हैं। सरकार की तारीफ में पायलट के फोटो के इस्तेमाल के पीछे आपसी खींचतान मिटाकर एकता दिखाने के प्रयास से जोड़कर देखा जा रहा है। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने सचिन पायलट को भी बराबर महत्व देने का मैसेज दिया है।



### गहलोत-पायलट खेमों के बीच खींचतान मिटाने का प्रयास

राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों के वक्त अशोक गहलोत और सचिन पायलट को गुड मिक्स फॉर्मूले से काम करने को कहा था। अब फिर गहलोत और पायलट के बीच गुड मिक्स फॉर्मूला अपनाया जा रहा है। कांग्रेस में पायलट और गहलोत खेमों के बीच खींचतान शुरू से है, अब चुनावी साल से पहले इसे कम करने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने जिस वक्त गहलोत सरकार की तारीफ वाली पोस्ट की, उसी समय गहलोत को गुजरात चुनाव में सीनियर ऑब्जर्वर और पायलट को हिमाचल प्रदेश चुनावों में ऑब्जर्वर बनाने के आदेश जारी हुए।

### पहले पायलट के धैर्य की तारीफ कर चुके राहुल

राहुल गांधी ने श्वष्ठ से पूछताछ के आखिरी दिन एआईसीसी मुख्यालय दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच सचिन पायलट के धैर्य की तारीफ की थी। उस दिन राहुल गांधी ने पायलट को लेकर नरेटिव बदलने की शुरुआत की। अब राहुल गांधी गहलोत सरकार के कामकाज की तारीफ की, लेकिन साथ में अकेले सीएम गहलोत की जगह सचिन पायलट का भी फोटो लगाकर दोनों को महत्व देने का मैसेज दिया।

### राहुल ने लिखा- राजस्थान से जो वादा किया वह निभाया

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जनता से किया अपना एक और वादा निभाया है। प्रदेश में चल रही निःशुल्क दवा योजना में 824 और दवाइयों को शामिल किया गया है। राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बना जहां लगभग 1795 दवाइयां बिल्कुल मुफ्त मिल रही हैं। इनमें से कई महंगी जीवनरक्षक दवाइयां भी मुफ्त मिलेगी, जिससे लाखों लोगों की जिंदगी बचेगी। कांग्रेस सरकार, राजस्थान की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य जनता के जीवन को बेहतर बनाना है। सभी हॉस्पिटल में मुफ्त में अच्छा इलाज, जांच, दवाइयां उपलब्ध कराकर अमीर और गरीब के बीच की गहरी खाई को कम करना हमारी प्राथमिकता है। कांग्रेस पार्टी ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां सब बराबर हो, सबको सामान अधिकार, अच्छा जीवन, अच्छी सुविधाएं मिलें, ताकि हमारा देश तरक्की कर सके।

## श्रीलंका को जलता छोड़ मालदीव भागे राष्ट्रपति, देश में इमरजेंसी, अब फौज के पास प्रदर्शन कुचलने के लिए फ्री हैंड

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली।

श्रीलंका में आर्थिक नीतियों के चलते उभरा संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को प्रधानमंत्री ने श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा कर दी। वहीं रानिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया है। देश में लगातार प्रदर्शनकारियों का विरोध बढ़ता जा रहा है। बुधवार सुबह उस वक्त हालात और बिगड़ गए जब लोगों को राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़कर जाने की जानकारी लगी। इसके बाद सड़कों से लेकर सरकारी इमारतों तक हर जगह प्रदर्शनकारियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। भारी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और संसद की ओर मार्च कर रहे हैं। वहीं उग्र भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए, कहीं-कहीं लाठी चार्ज भी



किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने सेना की गाड़ी को भी रोक दिया। इससे पहले, श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे देश से फरार होकर मालदीव पहुंचने की खबरें सामने आई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से भी पुष्टि की गई। इसके बाद तो प्रदर्शकारियों का गुस्सा और भड़क गया। हाथों में देश के झंडे लिए हजारों की तादाद में लोग सड़कों पर उतर आए और संसद की ओर मार्च करने लगे।

### श्रीलंका में लगा आपातकाल

श्रीलंका की जनता राष्ट्रपति के देश छोड़कर भागने से काफी नाराज है। प्रदर्शनकारियों ने संसद और पीएम हाउस पर धावा बोल दिया है। उनपर लाठी चार्ज किया जा रहा है। इस बीच पीएम रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा कर दी है। आदेश दिया गया है कि दंगा कर रहे लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाला जाए और उनके वाहनों को जब्त कर लिया जाए। श्रीलंका में प्रदर्शन लगातार उग्र होता जा रहा है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी पीएम रानिल विक्रमसिंघे के आवास पर पहुंच गए हैं। हालांकि वहां भारी सुरक्षा बल भी तैनात है, लेकिन कभी भी हालात बेकाबू हो सकते हैं। इस बीच सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज भी किया है और आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान को दिया तोहफा

गुरूज्योति पत्रिका/जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के सिरोही जिले को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, पीएम की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की केबिनेट कमेटी ने तारंगाहिल-अंबाजी-आबू रोड नई रेल लाइन को मंजूरी दी है। यह रेल लाइन सिरोही जिले से होकर गुजरेगी। इसके साथ ही यह रेल लाइन गुजरात के साबरकांठा, बनासकांठा और महेसाणा जिलों से भी होकर गुजरेगी। जिससे इन क्षेत्रों में उद्योग धन्धे विकसित होने के साथ ही सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि तारंगाहिल-अंबाजी-आबू रोड नई रेल लाइन की अनुमानित लागत 2798.16 करोड़ रूपये है। साथ ही इसकी



लंबाई 116.65 किलोमीटर है। इस रेल लाइन पर कुल 15 स्टेशन प्रस्तावित है। जिनमें 8 क्रॉसिंग और 7 हाल्ट स्टेशन होंगे तथा 11 टनल, 54 बड़े पुल, 151 छोटे पुल, 8 रोड ओवर ब्रिज, 54 रोड अण्डर ब्रिज या सीमित ऊंचाई के पुल होंगे। साथ ही यह विद्युतीकृत ट्रेक्शन पर संचालित मार्ग होगा। नई रेलवे लाइन से ना केवल आर्थिक विकास होगा बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसका कारण यह है कि अंबाजी देश का प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है तथा यह भारत में 51 शक्तिपीठों में से एक है।

### 18+ को फ्री कोरोना बूस्टर डोज

## अगले 75 दिन मुफ्त मिलेगी वैक्सीन, 15 जुलाई से सरकारी अस्पतालों में लगवा सकेंगे

गुरूज्योति पत्रिका/नई दिल्ली।

15 जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा। 75-दिवसीय इस अभियान के तहत सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन की मुफ्त अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। देश में नए सिरे से बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच सरकार ने 18-59 साल के लोगों को कोविड टीकों की मुफ्त एहतियाती खुराक देने का फैसला किया है। 15 जुलाई से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा। 75-दिवसीय इस अभियान के तहत सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर कोविड वैक्सीन की मुफ्त अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को बताया कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए सरकार ने अमृत महोत्सव के रूप में कोविड की एहतियाती खुराक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाने का फैसला किया है। अगले 75 दिनों में हम इस अभियान को पूरा करने की कोशिश करेंगे। देश में 18-59 साल की उम्र के 77 करोड़ लोगों को एहतियाती खुराक दी जाना है। इसमें से अब तक 1 फीसदी से भी कम को एहतियाती खुराक दी गई है।



### टीके के छह माह बाद कम हो जाता है एंटीबॉडी का स्तर

एक अधिकारी ने बताया कि देश के अधिकांश लोगों को करीब नौ महीने पहले कोविड टीकों की दूसरी खुराक लगी है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थानों के अध्ययनों में सुझाव दिया गया है कि दोनों खुराक लगने के लगभग छह महीने बाद व्यक्ति के शरीर में एंटीबॉडी का स्तर कम हो जाता है। ऐसे में बूस्टर या एहतियाती खुराक देने से प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है। इसलिए सरकार ने 75 दिन तक एक विशेष अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत सरकारी केंद्रों पर 18 से 59 साल के लोगों को निशुल्क एहतियाती खुराक दी जाएगी। बता दें, पिछले सप्ताह ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड टीकों की दूसरी एहतियाती खुराक के बीच के अंतर को 9 माह से घटाकर 6 माह कर दिया है। यानी दूसरी लगवाने के छह माह बाद बूस्टर खुराक ली जा सकती है। यह फैसला टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी परामर्श समूह की सिफारिश के आधार पर किया गया।



# कर्मचारियों के साथ अन्याय स्वीकार नहीं, पीएमओ के खिलाफ हो कार्यवाही - डिंगार

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सिरोही।** प्रमुख चिकित्सालय सिरोही के अधीक्षक डॉक्टर अश्विनीकुमार मौर्य के द्वारा सामान्य चिकित्सालय सिरोही में अवांछित गतिविधियों के होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करने, लीपापोती में लगे हुए हैं व जब न्याय की मांग की जाती है तो नर्सेज़ संगठन के द्वारा तो उल्टे नर्सिंग अधिकारीयो को उनके सेवा अभिलेख खराब करने जैसी धमकियां दी जाती है इसके विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी सँयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ उदय सिंह डिंगार के नेतृत्व में जिला कलेक्टर सिरोही को ज्ञापन दिया गया प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जब राजस्थान नर्सेज़ यूनियन के जिलाध्यक्ष जीवत दान चारण जो एकीकृत महासंघ सिरोही के जिलाध्यक्ष भी है इनके नेतृत्व में प्रति निधिमंडल प्रमुख चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक सामान्य चिकित्सालय सिरोही को 23 जून को महिला नर्सिंग अधिकारी के आत्महत्या व महिला नर्सिंग अधिकारीयो और परिसर में ही महिला स्वास्थ्यकार्यकर्ता का ट्रेनिग सेंटर व होस्टल भी है इनकी सुरक्षा की मांग की गई थी उसको लेकर उतेजित हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने नर्सिंग अधि कारीयो के सेवा अभिलेख खराब करने की धमकी दी जाती है जो सरासर नर्सेज़ के साथ अन्याय की परिकाष्ठा है जिम्मेदार प्रशानिक पद पर है तो आखिर मांग भी इन्ही से की जाएगी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के द्वारा ऐसे कर्मचारियों को भड़काने जैसे बयानों से संगठन चुप नहीं बैठेगा जिला कलेक्टर से प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की गई है अगर कार्यवाही नहीं हुई तो एकीकृत महासंघ आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी नर्सेज़, एकीकृत महासंघ जिलाध्यक्ष जीवत दान चारण ने बताया कि वहां पदस्थापित नर्सिंग अधिकारीयो की पीड़ा व वहां महिला नर्सिंग अधिकारी के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवाज उठाई जाती है तो नर्सेज़ को न्याय दिलवाने की बजाय उन्हें सेवा अभिलेख खराब करने की धमकी दी जाती है नर्सेज़ के द्वारा इसकी शिकायत उच्चस्तरीय अधिकारियों व विधायक से करने के लिए कहा जाता है तो नर्सेज़ को कहा जाता है कि आप कही भी जाओ मेरे कोई फर्क नही पड़ता, बोरिया बिस्तर बंधे हुए रहते हैं ऐसी भाषा व तानाशाही रवैया जो जस्टिस न्याय के खिलाफ है और ऐसे मानसिकता वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लानी चाहिए कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि नर्सेज़ को न्याय दिलवाया जाएगा और गैरजरूरी वक्तव्य देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा प्रतिनिधि मंडल में डॉ उदयसिंह डिंगार, जीवत दान चारण नर्सेज़ ,एकीकृत अध्यक्ष, अरविंद कुमार, देवीलाल चौधरी, प्रभु सिंह शामिल थे।

### तानाशाही रवैया कर्मचारी हितैषी छवि को भी नुकसान



प्रमुख चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक का व्यवहार पद की गरिमा के अनुसार नहीं है, लोक कल्याण करी सरकार में अधिकारी के द्वारा तानाशाही रवैया व कर्मचारियों को टारगेट करना, सरकार की कर्मचारी हितैषी छवि को भी नुकसान पहुसाता है उचित कार्यवाही कर नर्सेज़ को न्याय मिले

**जीवत दान चारण, अध्यक्ष नर्सेज़, एकीकृत महासंघ सिरोही**

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौके पर मौत



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** बागरा रोड इंडस्ट्रियल एरिया मोहनजी की प्याऊ के पास ट्रक व बाइक कि टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई मृतक की शिनाख्त राणाराम पुत्र पुनाराम जाति हिरागर उम्र 25 साल निवासी उण के रुप में हुई वहीं कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया वही घटना की जांच में जुटी कोतवाली पुलिस।

## सरकारी स्कूल में छात्रों से चपरासी का काम करवा रहे है अध्यापक



**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** जिले के सरकारी स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी का खामियाजा यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी भुगत रहे हैं। आलम यह है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को चाय बनाते, पानी भरते और झाड़ू लगाते हुए आराम से देखा जा सकता है। ऐसे में बच्चों का ज्यादातर समय इन्हीं कामों में निकल जाता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसा ही जिला मुख्यालय से महज 16 किलोमीटर दूर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धानपुर की स्कूल में देखने को मिला जहां स्कूल में बच्चों से पढ़ाई की जगह करवाया जाता है अन्य कार्य पोषाहार बनाने के लिए बाहर से छात्र बालटी से पानी भरकर लाते स्कूली छात्र।

## देवली कलां ग्राम में कुएं में गिरने से युवक की मौत



**गुरूज्योति पत्रिका/बर मारवाड़।** कस्बे के निकटवर्ती देवली कला ग्राम में कुएं में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कुशालपुरा चौकी प्रभारी बिहारीलाल ने बताया कि देवली कलां निवासी अशोक कुमार ( उम्र 24 ) पुत्र देवाराम जाट मंगलवार शाम को अपने घर के पीछे बेरा भक्तावा पर कुएं पर कार्य करते समय पैर फिसलने पर कुएं में गिरने की सूचना मिली। बुधवार बिट प्रभारी भीकाराम एवं बीजाराम मय जाप्ता मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकाला गया तब तक दम तोड़ चुका था। पुलिस ने शव को जैतारण राजकीय चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौप गया। अचानक हुई दुर्घटना से परिवार में दुःख का पहाड़ टूट गया।

## स्वच्छ विद्यालय,स्वस्थ विद्यालय पर कार्यशाला आयोजित



**गुरूज्योति पत्रिका/देसूरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारलाई में पंचायत स्तरीय स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ विद्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर इकबाल खान ने विद्यालय की स्वच्छता को लेकर प्रशिक्षण दिया।साथ ही वेस्ट से बेस्ट बनाने के बारे में जानकारी दी। आयुर्वेद चिकित्सक कृष्ण चन्द्र गौतम ने जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ विद्यालय से ही सर्वांगीण विकास संभव है।अच्छी आदतों का विकास स्कूल से होता है। इसलिए हम सबको मिलकर हेल्दी लाइफ़स्टाइल की तरफ प्रयास करने होंगे। साथ ही उन्होंने एनीमिया व मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक किया। इस दौरान कार्यवाहक प्रधानाचार्य अरविंद सिंह राणावत,ग्राम विकास अधिकारी अचलसिंह सोलंकी, कृषि पर्यवेक्षक छगनलाल,मेलनर्स अशोक कुमार,मास्टर ट्रेनर इकबाल खान, भरत बागरेचा, खेताराम, भरत चारण, सुनीता कुमारी, तस्मिन बानू व आंगनवाड़ी कार्मिक उपस्थित थे।

## इंद्र देव को खुश करने के लिए यज्ञ का हुआ आयोजन



**गुरूज्योति पत्रिका/कवास।** भुरटिया ग्राम पंचायत में सेदरिया नाडा में बुधवार पूर्णिमा को सुबह 11300 बजे से शाम को 7:00 बजे तक पण्डित जोगाराम की अध्यक्षता मे यज्ञ का आयोजन किया गया ।जिसमें यज्ञ में आहुतियां दी भुरटिया सरपंच उत्तमचंद खोथ, गिरधारीराम सऊ,सांगसिंह राठौड़, हरिराम, भाणुसिह, जगसिंह, चौथाराम,भारूराम मेघवाल, टिकमसिंह, रामाराम डऊकिया, देराज पोटलिया, लाधाराम पोटलिया मगाराम डऊकिया ताजाराम देव थोरी बाबुलाल थोरी पुरखाराम पोटलिया, हरूराम देवासी,मगाराम पोटलिया, मेहन्द्र, पुष्पेन्द्र,नरसिग, शेराराम, बांकाराम थोरी, मगराज सारण, अर्जूणराम, जगदीश शर्मा , बेचराराम, गणेन्द्रसिंहआदि कई ग्रामीणों की उपस्थिति में यज्ञ के साथ भजनों की प्रस्तुतियां भी दी गई।

## गंदा कीचड़ कब्रिस्तान में फेलजाने से मुस्लिम समाज मे नगर परिषद के प्रति रोष व्याप्त

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** जिला कलेक्टर निशांत जैन को सोपे ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद् जालोर द्वारा शहर का गन्दा पानी जो कब्रिस्तान में फैल रहा है जिसको लेकर जालोर मुस्लिम समाज द्वारा ज्ञापन सोपा ईदगाह जाने वाले मार्ग के पास लाल भाकरी रोड पर शहर का गंदा कीचड़ कब्रिस्तान में फेलजाने से मुस्लिम समाज मे नगर परिषद के प्रति रोष व्याप्त है गिटको होटल के पास में स्थित जालोर वक्फ कब्रिस्तान आया हुआ है । कब्रिस्तान के पीछे गन्दे पानी का नाला है , कई वर्षो से यह गन्दा पानी नाडे ( प्राकृतिक तालाब ) में गिरकर आगे चला जाता था । यह है कि हाल के दिनों में नगर परिषद द्वारा शहर का कचरा गिटको होटल के पीछे बने गन्दे नाले व कब्रिस्तान के पास में डालकर पहाड़ बना दिया है । इस कारण गन्दे पानी का नाला बंद हो गया है। गन्दा पानी कब्रिस्तान में फैला हुआ है , कब्रे धस रही है जिसका मौका मुआयना उपखण्ड अधिकारी , आयुक्त नगर परिषद व सफाई निरीक्षक नगर परिषद जालोर द्वारा किया गया था , जिस पर नगर परिषद ने अविलम्ब कचरा हटा कर नाला बनाने का आश्वासन दिया था । लेकिन न तो कचरा हटा नहीं गन्दा पानी जो आज तक कब्रिस्तान में फैला हुआ है व नगर परिषद द्वारा लगातार कचरा डाला जा रहा है । इस के कारण जालोर के मुस्लिम समाज में रोष व्याप्त हो रहा है। . नगर परिषद ते नाला बनाने का तत्काल आश्वासन गिटको होटल के पीछे दिया था जबकि नाला सामतीपुरा रोड पर बनाया जा रहा है।

## लिखमीदास जी महाराज जयंती महोत्सव पर शहर के मुख्य मार्गो से विभिन्न झांकियों व गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** माली समाज के आराध्य देव भक्त शिरोमणि श्री लिखमींदास जी महाराज की जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से हुआ आयोजित। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे जागनाथ महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा से शौभायात्रा का हुआ आयोजन शौभायात्रा राजेन्द्र नगर जालोर से गाजो बाजो के साथ भव्य शोभायात्रा शुरू होकर अस्पताल चौराया, हरिदेव जोशी सर्कल होते हुए भक्त श्री लिखमींदास जी मंदिर धर्मशाला, सब्जी मंडी बागोड़ा रोड़ पहुंची। वहीं इस भव्य शोभायात्रा यात्रा में माली समाज के युवाओं एवं मातृ शक्ति ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया शोभायात्रा में छोटी छोटी बच्चियों द्वारा कलश लिए आकर्षण का केंद्र रहा वहीं इस यात्रा में शिव का रूप धारण किए युवाओं ने शिव तांडव नृत्य किया जो सनातन धर्म संस्कृति कि मिशाल पेश की वही इस यात्रा में ज्योति बा फुले, सावित्रीबाई फुले की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही वही पुरी यात्रा में लिखमीदास जी महाराज के जयकारे गूंज उठे वही लिखमीदास जी महाराज के मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण के बाद महिला संगीत का हुआ आयोजन समाज की महिलाओं ने लिखमीदास जी जन्मोत्सव के उपलक्ष में एक से बढ़कर एक भजन की प्रस्तुति दी गई ।

## वाल्मिकी समाज की 20 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह व मेडल देकर नवाजा

### शिक्षा ही सभी समस्या का समाधान, समाज के युवा कर्णधारों को इसको ग्रहण तो करना पड़ेगा- कण्डारा

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**देसूरी।** स्थानीय कस्बे में स्थित गुरूलाल भेग नवल आश्रम देसूरी में बुधवार को संत लाल महाराज के सानिध्य में आयोजित वाल्मिकी समाज का तृतीय प्रतिभा साान समारोह को संबोधित करते हुए जोधपुर एसडीएम आशा कण्डारा ने कहा कि सभी समस्या का एक ही समाधान है और वह शिक्षा इसके लिए अपने बच्चों को बेहत्तर शिक्षा ग्रहण कराने के लिए समाज के युवा कर्णधारों को उसके प्रति निष्ठावान होना पडेगा। उन्होने कहा वाल्मिकी समाज अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाये,जिससे कई पीढ़ियों का जीवन सफल हो जायेगा। वही रोहितराज तिवारी निदेशक युआर कलासेज फालना ने समाज के बच्चों से आव्हान किया कि वह छोटे सपने नही देख जीवन में आगे बढने के लिए बडे सपने देखना चाहिए। उन्होने समाज के लोगो से भी आव्हान किया कि वह अपने बच्चों पर शिक्षा ग्रहण करने के लिए किसी प्रकार का कोई दबाब नही डालकर उसका विश्वास दिलाये कि शिक्षा से अपने परिवार को उत्थान हो सकता है,क्योकि शिक्षा ही सबसे बडा हथियार है,जिससे सभी समाज को विकास हआ है। वही संत लाल महाराज ने कहा कि महिलाओं में जो जागृति आयी वह मात्र शिक्षा के कारण हो पाई है। इसलिए शिक्षा से बालिकाओं को वंचित नही रखना चाहिए। वही समारोह में हरिभजन बिरावट बाली,संतोष बिरावट पोसालिया,पुरण गोयल कोलीवाडा,किशनलाल गोयल सेवाडी,देवाराम कंण्डारा सादडी,मुकेश हंस पाली,ताराचंद वाघेला शिवगंज,रमण चावरियां सुमेरपुर,जयंतिलाल कण्डारा खुडाला,भरत कुमार चेंदर सुमेरपुर,,श्रवण चेंदर फालना,ईश्वर कण्डारा पार्षद खुडाला,प्रेम कंडारा सादडी,घनश्याम कंडारा,अशोक घावरी नाडोल,प्रहलाद कंडारा दुदौड सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### 20 प्रतिभाओं का हुआ समारोह में हुआ सम्मान

श्री सदगुरू मात्रंग शनिधाम संस्था गुरूनान भेंग नवल आश्रम देसूरी के तत्वाधान में आयोजित प्रतिभा समान समारोह बुधवार को आश्रम के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें वाल्मिकी समाज की 20 प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर समानित किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों का हुआ बहुमान श्री गुरूनाल भेंग नवल आश्रम देसूरी के प्रांगण में आयोजित तृतीय प्रतिभावान समान समारोह में उपस्थित मुय अतिथि श्रीमती आशा कण्डारा एसडीएम जोधपुर,रोहितराज तिवारी फालना,डॉ.योगेश परिहार,कालूराम घावरी अध्यक्ष गोडवास वाल्मिकी समाज, गिरधारीलाल उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश बिरावट कोषाध्यक्ष, प्रेम कुमार बारूत पार्षद सुमेरपुर, इश्वर कंडारा पार्षद फालना, शनि बिरावट पार्षद बाली,दिनेश कुमार उपसरपंच घाणेराव,प्रहलाद कंण्डारा जिला महासचिव भाकियू का आश्रम की ओर माला एवं साफा पहनाकर बहुमान किया।

## खेत मजदूरों का प्रशिक्षण शिविर 16-17 जूलाई को तैयारियां जोरों पर

**गुरुज्योति पत्रिका/दातारामगढ़।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव कुंदन लाल ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन का 16 व 17 जुलाई को होने वाले राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं! दातारामगढ़ में कुंदन लाल, अशोक पेंटर ,धन्नाराम राङ के नेतृत्व में,धौद मे राम रतन बगड़िया, प्रमोद शर्मा, हेमाराम किरडोली, मनोहर मौल्यासी के नेतृत्व में लक्ष्मणगढ़ श्रीकांत महरिया, नीमकाथाना ओम प्रकाश सैनी, श्रीमाधोपुर अनिल कुमार बाबूलाल कुड़ी के नेतृत्व में खेत मजदूरों, मनरेगा मजदूरों से जनसंपर्क किया जा रहा है !प्रशिक्षण शिविर को अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमराराम, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सह सचिव कामरेड बादल सरोज, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय सहसचिव और हिमाचल विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह संबोधित करेंगे!

## मेघवाल समाज की सामाजिक चिंतन-मनन बैठक आयोजित

### नकारात्मक दिशा समाज की प्रगति अवरुद्ध करती हैं-सिंह

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**देसूरी।** सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक सत्य वीरसिंह ने कहा कि नकारात्मक दिशा में जाने से किसी भी समाज की प्रगति रुकती हैं। पूर्व आईजी सिंह नारलाई व देसूरी में आयोजित मेघवाल समाज की सामाजिक चिंतन-मनन बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी विरोधी या अवसर की ताक में बैठा पक्ष आपको गलत दिशा में जाने का प्रयास का अवसर देकर आंदोलन को कमजोर कर देना चाहेगा। इससे बचे। अपनी बात उचित मंच पर विधिसम्मत तरीके से रखे। पुलिस अधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि दमन व अत्याचारों के खिलाफ न्याय की मांग उचित तरीके से करें। किसी भी सूरत में आंदोलन की दिशा नकारात्मक होने पर कानून के शिंकजे में आए व्यक्ति को पीड़ा व्यक्तिगत भुगतनी पड़ती हैं। जन अभियोग निराकरण समिति के सदस्य भँवर मेघवंशी ने कहा कि जिस तरह से प्रदेश में हत्या के मामले में सरकारी अनुदान राशी व सहायता दी गई हैं। उसकी तुलना में जितेंद्रपाल मेघवाल हत्याकांड में सरकारी मदद न होना वे पीड़ित पक्ष व समाज के साथ अन्याय मानते हैं। बैठक में अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी,जयपुर की सदस्यता अभियान बढ़ाने पर जोर दिया गया और कहा कि मारवाड़ व मेवाड़ क्षेत्र के लोगों की सदस्यता नगण्य हैं और सदस्यता बढ़ने पर सोसायटी में काबिज लोगों की मनमानी रोकी जा सकेगी। बैठक को पूर्व मंत्री अचलाराम मेघवाल,सामाजिक कार्यकर्ता नारायण मोबारसा,प्रकाश मोबारसा,देदाराम,खीमाराम परमार, लक्ष्मण बेगड़,रमेश भाटी,पुखराज वाघोना,दलपत खारड़ा,दौलाराम ने संबोधित किया। इस दौरान अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ व श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान सहित मेघालय समाज के लोग मौजूद थे। इससे पूर्व देसूरी में आयोजित बैठक में मौजूद लोगों ने अतिथियों से प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व को समाज की चिंताओं से अवगत कराने को कहा गया। दलितों के साथ दमन के मामलों में राज्य सरकार के रवैये को नही सहा जाएगा। जितेंद्रपाल मामले में उचित सहायता न मिलने से प्रदेश के दलित समाज में रोष फैल गया हैं। इसके लिए दलित वर्ग के बड़े नेताओं से विकल्पों पर विमर्श करने को कहा गया। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमोदपाल सिंह मेघवाल, महेंद्र लोंगेशा, टीकमराम भाटी,मांगिलाल गहलोत, नारायण तंवर,रमेश भाटी,गुड़िया परमार, ललितेश, भूराराम मोबारसा, नेनाराम सोलंकी,उत्तम गौड़ इत्यादि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## पानी की आपूर्ति के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार जन भावना का सम्मान करें- महंत प्रकाश दास महाराज

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**राजगढ़/अलवर।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना जिला अलवर पानी लाओ संघर्ष समिति की एक बैठक ठिकाना गंगाबाग राजगढ़ में महंत प्रकाश दास महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीपीआर में संशोधन कराने, प्रमुख बांधों को शामिल कराने, राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने, हस्ताक्षर अभियान को तेजी से बढ़ाने आदि पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता अलवर जिला पानी लाओ संघर्ष समिति के जिला संयोजक महंत प्रकाश दास महाराज ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यह आंदोलन होगा। इस परियोजना को लागू करने में राज्य सरकार और केंद्र सरकार जन भावना का सम्मान करें। बैठक में पूर्व कस्टम कमिश्नर राम कृपाल मीणा, पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर बीपी मीना, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राहुल दीक्षित, राजगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप महावर, लायंस क्लब के रीजन चेयरमैन खेम सिंह आर्य, पार्षद पवन सिंह नरूका, पूर्व पार्षद राजेश हिंगवाला, अशोक मीणा, सुखराम मीणा, दीपक जागा, पूर्व चेयरमैन प्रभु दयाल शर्मा सहित महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# गुरूज्योति पत्रिका

## SOCIAL MEDIA LINK

| | |
|---|---|
| ❖ WhatsApp News Group | Join Now |
| ❖ WhatsApp E-Paper | click here |
| ❖ Telegram | click here |
| ❖ Facebook | click here |
| ❖ Instagram | click here |
| ❖ Twitter | click here |
| ❖ YouTube | click here |
| ❖ Send News | click here |
| ❖ Website | Visit Now |
| ❖ E-paper site | click here |
| ❖ Google Play App | Download Now |

## सम्पादकीय

### आतंक की जड़ें

केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली सरकार बनी, तो घाटी में आतंकवाद समाप्त करना उसकी प्राथमिकता में था। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त हुए तीन साल होने जा रहे हैं। इसमें एक साल से अधिक समय तक वहां कर्फ्यू लगा रहा, संचार माध्यमों पर रोक थी। वहां सेना और सुरक्षाबलों का चौकस पहरा है। इसके पहले घाटी में आतंकवाद खत्म करने के लिए कई सख्त कदम उठाए जा चुके हैं। कई बार दावा किया गया कि घाटी में आतंकवाद अब समाप्ति की ओर है। मगर खुद गृह मंत्रालय का ताजा आंकड़ा है कि जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन आदि संगठनों ने पिछले चार सालों में जम्मू-कश्मीर में सात सौ युवाओं को भर्ती किया। इसके वर्षवार आंकड़े भी दिए गए हैं, जिसमें अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद के वर्षों में भी औसतन डेढ़ सौ युवाओं की हर साल भर्ती हुई। ये आंकड़े चौंकाने वाले और चिंताजनक हैं। हालांकि इस दौरान मुठभेड़ में सैकड़ों आतंकी मारे भी गए, पर घाटी में नए आतंकवादियों की भर्ती का न रुकना सरकार की आतंकवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई पर सवाल खड़े करते हैं। यह ठीक है कि जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा हटने से वहां के लोगों में रोष है और यह वहां के युवाओं के हाथ में हथियार उठाने की एक वजह हो सकती है, मगर इतने सारे कठोर उपाय आजमाने के बावजूद अगर इस पर रोक नहीं लग सकी, तो चिंता स्वाभाविक है। केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली सरकार बनी, तो घाटी में आतंकवाद समाप्त करना उसकी प्राथमिकता में था। सघन तलाशी अभियान चलाए गए, अलगाववादी संगठनों के बैंक खाते बंद कर दिए गए, हुर्रियत के नेताओं को सलाखों के पीछे डाला गया, घाटी में आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजे कसे गए। इस तरह दावा किया गया कि आतंकियों की कमर टूट जाएगी। फिर जब नोटबंदी हुई तो दावा किया गया कि आतंकियों को मिलने वाली वित्तीय मदद रुक जाएगी, जिससे उनके लिए साजो-सामान खरीदना मुश्किल होगा। सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए मुस्तैदी बढ़ा दी गई। उधर चल रहे आतंकी र्श्विरों पर नजर रखी जाने लगी। इस तरह कई घुसपैठों को नाकाम करने में भी मदद मिली। फिर भी अगर सीमा पार से घुसपैठ हो रही है और वहां प्रशिक्षण पाए दहशतगर्द घाटी में घुस कर नई भर्तियां करने में सफल हो पा रहे हैं, तो यह हैरानी की बात है। सवाल यह भी है कि अगर ताजा आंकड़े सही हैं तो फिर इससे पहले सरकार किस आधार पर दावा करती रही कि घाटी में आतंकवादियों की मौजूदगी काफी कम हो गई है। यह तथ्य छिपा नहीं है कि दहशतगर्द घाटी में युवाओं को इसलिए गुमराह करने में कामयाब हो जाते हैं कि वहां रोजगार की खासी कमी है।

**संतोष चन्द्र, प्रधान संपादक (गुरुज्योति पत्रिका)**

# भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारियों ने विभिन्न मांगो को लेकर नई दिल्ली मुख्यालय के मुख्य द्वार का किया घेराव

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**अलवर।** भारतीय खाद्य निगम के मण्डल कार्यालय अलवर मे एफसीआई एग्जीक्यूटिव स्टाफ यूनियन के मण्डल सचिव मनोहर लाल मीना ने बताया कि एफसीआई मे प्रबंधन द्वारा अपनाई जा रही तानाशाही नीतियों के खिलाफ कर्मचारियों ने एकजुट होकर सम्पूर्ण नॉर्थ जोन क्षेत्र मे एफसीआई एग्जीक्यूटिव स्टाफ यूनियन 1158 व बिकेएनके संघ के बैनर तले मुख्यालय के मुख्य द्वार पर एफ़सीआई एग्जीक्यूटिव स्टाफ यूनियन के राष्ट्रीय सचिव अभिनव कश्यप, राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएस चट्ठा व बिकेएनके संघ के राष्ट्रीय सचिव दुग्गल व एफसीआई एग्जीक्यूटिव स्टाफ यूनियन के आंचलिक(उत्तर) के सचिव दीपक पोद्धार , आँचलिक अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व मे मुख्यालय नई दिल्ली के मुख्य द्वार पर धरने के माध्यम से अपना विरोध प्रकट किया। जिसमे कर्मचारियों की प्रमुख मांगे है कि हाल ही में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में 230 कर्मचारियों के किये गये स्थानांतरण आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त हो, स्टोरेज लॉस ट्रांज़िट लॉस के नाम पर कर्मचारियों से अनावश्यक रिकवरी बंद हो, प्रबंधन के द्वारा बिना यूनियन की सहमति से बनाई गयी मनचाही स्थानांतरण नीति मे आवश्यक बदलाव हो, कोरोना काल मे अपनी जान गवाने वाले हमारे बहादुर साथियों के आश्रितों को तत्काल नौकरी दी जाये, कार्यकारी निदेशक विभागीय हो, तकनीकी कर्मचारियों को नमी प्रतिशतता मे सूक्ष्म अंतर आने पर अनावश्यक चार्जशीट बंद की जाये। उक्त आंदोलन को मजबूत करते हुये दोनों यूनियन की राष्ट्रीय समिति ने राष्ट्रीय स्तर पर जॉइंट एक्शन कमेटी के पूर्ण सहयोग करने का वादा किया है। यदि प्रबंधन ने समयानुसार मांगे नहीं मानी तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा जिसके कारण रैक लोडिंग व अनलोडिंग कार्य बाधित होगा व साथ ही सम्पूर्ण देश मे वर्तमान समय मे चल रही केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत वितरण होने वाले खाद्यान्न के बाधित होने की प्रबल संभावना है जिसके समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। इस मौके पर मण्डल कार्यालय अलवर से सीपी मीणा,अनिल, जितेंद्र, पवन दायमा आदि उपस्थित रहे।

## राजपुरोहित समाज मैसूर में गुरू पुर्णिमा का महोत्सव मनाया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**मैसूरु।** राजपुरोहित समाज मैसूरु के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया द्य मंगलवार रात में जागरण का आयोजन शंकर मठ में रखा गया द्य गुरु खेतेश्वर दाता की प्रतिमा स्थापित कर ज्योत प्रज्वलित कर प्रसाद का भोग चढ़ा कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई द्य पश्चात भजन कलाकार चंद्रप्रकाश सीरवी एवं नितेश महाराज समूह की ओर गणेश वंदना के साथ शुभारंभ करते हुए राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति दी गई द्य भजनों पर भक्त भाव विभोर होकर देर रात झूमते रहे धर्म सभा में मैसूरु, कुशालनगर,विराजपेट आदि दूरदराज के क्षेत्रों से भक्तगण पहुंचे द्य बुधवार प्रातः धर्म गुरु खेतेश्वर दाता की महाआरती के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ द्य जिसमें समाज बंधुओं द्वारा विभिन्न प्रकार के चढ़ावो की बढ़-चढ़कर बोलीयाँ बोली गई। लाभार्थियों व अतिथियों का संघ की ओर से साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया द्य इस अवसर पर राजपुरोहित समाज मैसूरु के अध्यक्ष हापू सिंह राजपुरोहित,उपाध्यक्ष शंकरलाल राजपुरोहित,प्रचार प्रसार मंत्री मोडाराम पुरोहित,समाजसेवी बनुर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, पहलवान अमृतलाल पुरोहित, सुरेंद्र सिंह,रतन सिंह,तगाराम लुम्भावास तथा कार्यकारीणी सदस्य,राजस्थान विष्णु सेवा ट्रस्ट नवयुवक मंडल अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत, राजाराम आँजणा पटेल संघ मैसूरु के अध्यक्ष हीराराम पौण,माली समाज सहित विभिन्न संघ समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## टूटी हुई सड़कें, जमा गंदा पानी, आमजन व स्कूली बच्चों के लिए बना परेशानी का कारण

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के बस स्टैंड मार्ग से सराय बाजार तक जाने वाले मार्ग पर मित्र विहार व चाणक्यपुरी कॉलोनी के सामने सड़क मार्ग पर बने गढ्ढे आमजन व स्कूली बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अनेक बार सार्वजनिक निर्माण विभाग, उपखंड प्रशासन व नगरपालिका को सूचना देने के बाद भी अभी तक सड़क पर बने गढ्ढे नहीं भरे गए हैं। उन्होंने बताया कि बारीश के मौसम में गढ्ढों में पानी जमा हो जाने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों व हजारों की संख्या में स्कूली बच्चों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। आये दिन स्कूली बच्चे इन गढ्ढों में फिसल कर गिर जाते हैं। वहीं आये दिन बच्चों के कपड़े किचड़ के कारण खराब हो जाते हैं। इस सड़क मार्ग से रोजाना प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि निकलने के बावजूद ना तो सार्वजनिक निर्माण विभाग कोई कार्यवाही कर रहा है और ना ही नगरपालिका प्रशासन कोई कार्यवाही कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने उपखंड अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इस सड़क मार्ग को जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग की है।

## आर्य समाज राजगढ़ के चुनाव 17 जुलाई को

**गुरूज्योति पत्रिकाराजगढ़(अलवर)।** आर्य समाज की नवीन कार्यकारिणी के चुनाव 17 जुलाई रविवार को आर्य समाज में मंदिर में होंगे। निर्वाचन अधिकारी खेमसिंह आर्य ने बताया कि 17 जुलाई रविवार को प्रातः 7.30 बजे से 9 बजे तक यज्ञ व भजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। उसके बाद 9 बजे से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। निर्वाचन अधिकारी ने सभी सदस्यों को उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

## कोलू राठौड़ा में जल मंदिर का शुभारम्भ समारोह संपन्न

**गुरूज्योति पत्रिका/देचू।** क्षेत्र के कोलू राठौड़ा स्थित श्री पाबूजी आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को स्व. दीपाराम सुथार की स्मृति में बनाये गए जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भरत जांगिड़ व समारोह के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह आमला ने अपने उद्बोधन में जल के महत्व को समझाया। संस्था निदेशक अभय सिंह राठौड़ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान देचू प्रधान सिमरथा राम,लूण सिंह सरपंच प्रतिनिधि कोलू पाबूजी,भोम सिंह भाटी पूर्व सरपंच,नवला राम सरपंच प्रतिनिधि, उम्मेद सिंह पूर्व सरपंच गुमानपुरा, ठाकुर राम पालीवाल, जेठाराम सुथार, ठेकेदार मांगीलाल सुथार,बुद्धाराम सुथार, भंवर सिंह,भगवाना राम विश्नोई,किशन सिंह, श्रवण सिंह राज पुरोहित, दिनेश कुमार प्रधानाचार्य,सही राम विश्नोई,दिनेश सिंह धांधल, हरि सिंह राजपुरोहित, जसवंत सिंह राजपुरोहित,अमर सिंह, कैलाश विश्नोई,भामाशाह मदनलाल सुथार,बाबूनाथ एंव समस्त ग्रामीण अध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहें।

## गुरू पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने लिया आशीर्वाद



**गुरूज्योति पत्रिका/राजगढ़(अलवर)।** बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर भक्तों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के अवधूत आश्रम, माचाड़ी मार्ग स्थित गायत्री मंदिर, अलेई स्थित बारह महादेव मंदिर, कलेशान स्थित भूरा सिद्ध बाबा के मंदिर में, गोविंद देव मंदिर में अल सुबह से ही भक्तों ने पंहुचकर अपने गुरूओं का आशीर्वाद लेकर भेंट चढ़ाकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान दूर-दूर से लोग अपने गुरु के दर्शन के लिए आये। इस मौके पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों आयोजित हुए। वहीं दूसरी ओर माचाड़ी कस्बे तथा उसके आसपास गांव के बावन देवजी मंदिर, दाऊजी मन्दिर, नगेश्वर बाबा के आश्रम, हट्टी गोपाल जी का मंदिर, केसूला धाम, वनखंडी महादेव मंदिर, टोड़ी वाले बाबा आदि मंदिरों पर गुरु पूर्णिमा पर्व बड़ी श्रद्धा के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। इस मौके पर महंत मधुसूदन महाराज, श्याम दास महाराज, बलराम दास महाराज, ओमदास महाराज, सरपंच इन्दू देवी, सुरेश चन्द्र जांगिड़, सुभाष बटवाड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आज

**गुरूज्योति पत्रिका/राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश मीना ने बताया कि जनसुनवाई में पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण, जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## आदर्श विद्या मंदिर माधोपुरा में मनाया हर्षोल्लास से गुरु पूर्णिमा उत्सव

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**आहोर।** आहोर कस्बे के निकटवर्ती सामुजा मार्ग पर स्थित आदर्श विद्या मंदिर माधोपुरा में बुधवार को भव्य समारोह के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति प्रचार प्रमुख रमेश कुमार टेलर प्रधानाध्यापक जयंतीलाल प्रजापत ने गुरु राजेंद्रसुरी जी व भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया ।प्रबंध समिति प्रचार प्रमुख पूर्व छात्र परिषद् सह संयोजक रमेश कुमार टेलर ने कहा कि जब हम सबसे पहले इस धरती पर पदार्पण करते हैं तो हमारा पहला गुरु माता होती हैं और दूसरा गुरु धरती माता, तीसरे गुरु हमारे पूज्य पिताजी और चौथा गुरु आचार्य दीदी जी के रूप में हमें मिलते हैं। समाज में गुरु का स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज का दिन हमारे लिए विशेष महत्व रखता है। प्रधानाध्यापक जयंतीलाल प्रजापत ने बताया की आचार्य दीदी जी हमें ज्ञान दान देकर हमारी त्रुटियों को दूर कर हमें नई दिशा और दशा प्रदान करते हैं। जो भैया बहिन आचार्य दीदी जी का सम्मान करते हैं, उनका नाम समाज में स्थापित होता है। इतिहास इस बात का साक्षी है। हमें कभी भी अपने जीवन में गुरुजनों का अनादर नहीं करनी चाहिए। सभी भैया बहिनों द्वारा सभी भैया जी दीदी जी को तिलक व पुष्प से पूजन करके आशीर्वाद व उपहार लिया प्रदान किया गया । भैया दक्ष के द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय में सामग्री भेंट दी । इस मौके पर आचार्या लक्ष्मी सुथार, हीना सुथार, शैतान सिंह राजपुरोहित, एवम् अभिभावक भैया बहिन मौजूद रहें। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

## श्री कृष्णा गौ सेवाआश्रम में गुरू पुर्णिमा का महोत्सव मनाया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बेंगलूरू।** श्री कृष्णा गौ सेवा आश्रम कोतनुर गौशाल परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया द्य बुधवार सुबह आई माता की प्रतिमा स्थापित कर ज्योत प्रज्वलित कर प्रसाद का भोग चढ़ा कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई द्य प्रातःकाल गणेश वंदना के साथ शुभारंभ करते हुए भजन गायक जुगल किशोर परिहार, कैलाश सैन राजुभाई कुमावत की ओर से राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति दी गई द्य भजनों पर भक्त भाव विभोर होकर झूमते रहे द्य स्वामी पुखराज महाराज ने गुरू पुर्मिमा का महत्व बताया ।उन्होंने कहा कि गुरू से रिस्ता बहुत गहरा हो या ना हो परन्तु भरोसा बहुत गहरा होना चाहिए। दूरदराज के क्षेत्रों से भक्तगण पहुंच कर पुखराज महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया द्य महोत्सव में स्वामी पुखराज महाराज ने महाप्रसादी के लाभार्थी नारायणलाल सोलंकी मंडिवाला ,बाबुलाल, माणकचंद परिहार अनेकल का माला व शॉल ओंढाकर सम्मान किया द्यश्रंदालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण किया इस अवसर पर माहेश्वरी भक्त मंडल के सदस्य सहित विभिन्न संघ समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को लगाए कोरोना से बचाव के टीके

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**रामदेवरा।** बाबा रामदेव विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय एंव रामदेव पब्लिक स्कूल सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को कोरोना का टीका लगाया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि विद्यालय के कुल 214 विद्यार्थियों का टीकाकरण करवाया गया।रामदेवरा सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर भवानी सिंह तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रॉन के प्रसार को देखते हुए राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के बाद विद्यालय में पढ़ने वाले 12 से 15 वर्ष के विद्यार्थियों का वैक्सीनेशन करवाया गया। नर्स संतोष देवी व सहायक राजू विश्नोई द्वारा विद्यार्थियों का टीका लगाया गया। अदरक छात्र छात्राओं को कोरोना से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसी भी छात्र को खांसी जुकाम बुखार होने पर तुरंत ही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं ।गौरतलब है कि 2 वर्ष के पस्चात इस वर्ष निश्चित समय पर सभी विद्यालय खुल गए हैं। जुलाई माह में नये एडमिशन भी हो चुके हैं वहीं छात्र छात्राओं के विद्यालय आने का क्रम भी शुरू है ।ऐसे में एहतियात के रूप में जिन्हें छात्रों को कोरोना से बचाव के टीके के पूर्व में नहीं लगाए गए थे उन्हें टीके लगवाए जा रहे हैं। विद्यालय परिसर में कुल 214 छात्र-छात्राओं को कोरोना से बचाव के टीके लगाए गए।

## धूमधाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**रामदेवरा।** कस्बे के स्थानीय श्री बाबा रामदेव शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित बाबा रामदेव विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं रामदेव पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में संयुक्त रुप से गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया।विद्यालय प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने गुरु पूर्णिमा के पर्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा गुरु महिमा गाकर की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखें। विद्यालय निदेशक नाथू सिंह तंवर ने भी विद्यार्थियों को अपने जीवन में गुरु का महत्व बताया। वही व्यवस्थापक अगर सिंह तंवर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में गुरुजी द्वारा दिए गए मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ने हेतु शुभकामनाएं दी। प्रत्येक सफल व्यक्ति जो जीवन में आगे बढ़ता है उच्च पद पर पहुंचता है वह अपने जीवन में गुरु धारण करके ही आगे पढ़ता है गुरु की प्रेरणा से कोई भी मंजिल प्राप्त की जा सकती है फ्लावर के छात्र छात्राओं को अपने गुरु के बताए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ना चाहिए वहीं उन्हें अपने भविष्य की मंजिल तक पहुंचने में काफी मदद मिलेगी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अपने गुरु का वंदन करके चरण स्पर्श करके उनसे आशीर्वाद भी लिया गुरुओं ने भी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देकर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी।कार्यक्रम में अभिभावक लक्षमण सिंह भाटी, प्रधानाचार्य मदनमोहन त्यागी व प्राथमिक प्रभारी श्रवणसिंह तंवर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विक्रमसिंह राजपुरोहित ने किया कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मन्दिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में भजन कीर्तन किया गया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**दातारामगढ़।** सुरेरा गाँव में पहाड़ी पर स्थित रायराम बाबा के मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में दिनभर भजन कीर्तन किया गया। श्री महंत ओमप्रकाश महाराज ने बताया कि रायराम बाबा के भोग लगाकर श्रद्धालुओं को को प्रसाद वितरण किया गया। गुरु दक्षिणा गुरु वंदना गुरु दीक्षा,समाधि पूजा का कार्यक्रम भी चला और गुरु के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं का दिनभर रायराम बाबा दर्शन ताता लगा हुआ था । सैकड़ो संख्या में श्रद्धालुओं प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अनेक मंढा, भारीजा, लक्ष्मणगढ़ ,चौसला, चोमू श्रीमाधोपुर ,सीकर के तारपुरा,जोबनेर, महाराजपुरा सहित अनेक गाँवो के श्रद्धालुओं पहुँचे दर्शन किये प्रसाद ग्रहण किये।

# हैल्दी लिवर कैम्पेनः कारागृह में हुई बन्दियों की हेपेटाईटिस जांच

### वायरल हेपेटाइटिस के बारे में किया गया जागरूक

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में हैल्दी लिवर कैम्पेन को संचालित किया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन, चिकित्सा विभाग एवं अन्य सम्बन्धित विभागों के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर निशांत जैन के निर्देशन में हैल्दी लिवर कैम्पेन की कार्य योजना तैयार की गई है। जिसमें विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किये गये है। सभी गतिविधियों को अभियान के रूप में गांव - ढाणी तक संचालित किया जायेगा और आमजन को वायरल हेपेटाइटिस के बारे में जागरूक किया जायेगा। इसी संदर्भ में बुधवार को जिला कारागृह जालोर एवं खुली जेल केश्वना में जागरूकता गतिविधि का आयोजन कर हेपेटाईटिस रोग के बारे में जागरूक करते हुए कैदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. गजेन्द्र सिंह देवल ने बताया कि हैल्थी लिवर कैम्पेन के तहत विभाग द्वारा स्कुल गतिविधि, समुदाय बैठक, नरेगा जागरूकता गतिविधि, कारागृह जागरूकता गतिविधि आदि अन्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को हेपेटाईटिस के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### जेलो में बन्दियों की हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी. आर. विश्नोई ने बताया कि हैल्थी लिवर कैम्पेन के तहत जिले में स्थित जिला कारागृह जालोर एवं खुली जैल केश्वना में विभाग की टीमों द्वारा बन्दियों की हेपेटाइटिस रोग की स्क्रीनिंग की गई। वहीं बन्दियों को हेपेटाइटिस के बारे में जागरूक किया गया।

### क्या है वायरल हेपेटाइटिस

डिप्टी सीएमएचओ डॉ विश्नोई ने बताया कि वायरल हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है जो वायरस के कारण लिवर को प्रभावित करती है। यह वायरस खून के माध्यम से लिवर में प्रवेश करता है और फिर लिवर फेलियर समेत कई गंभीर बीमारियों को जन्म देता है। यदि इसका इलाज समय पर ना किया जाए, तो यह मौत का कारण भी बन सकता है। वायरल हेपेटाइटिस पांच प्रकार का होता है, ए,बी,सी,डी और ई।वायरल हेपेटाइटिस से बचाव के लिये आवश्यक है की शुद्ध पानी व भोजन का सेवन करें तथा संक्रमित ब्लड एवं असुरक्षित यौन संपर्क से बचा जाये। वायरल हेपेटाइटिस मुख्यतः दूषित पानी व भोजन तथा संक्रमित ब्लड के कारण होता है तथा यह लिवर को प्रभावित करता है जिससे मृत्यु तक हो जाती है।

## श्री खेड़ापति धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**गुरुज्योति पत्रिका/दांतारामगढ़।** दांता के श्री खेड़ापति बालाजी धाम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। बुधवार को प्रातः 5 बजे मंगल आरती व प्रातः 7 श्रृंगार आरती की गई। इसके बाद प्रातः 8 से विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार द्वारा श्री बालाजी महाराज का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से गुरु पूजा वंदना कार्यक्रम हुआ जिसमें भक्तों ने बालाजी महाराज महंत रमाप्रकाश को भेंट देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं दोपहर 2 बजे से श्री राम दरबार बालाजी महाराज को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान दूरदराज से आए हुए श्रद्धालुओं सहित आसपास के गांव के लोग मौजूद रहे।

## श्यामगढ़ बालाजी मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया



**गुरुज्योति पत्रिका/जयपुर।** नागौर जिले के नवा तहसील के श्यामगढ़ ग्राम मेंबालाजी मंदिर के महंत श्री सर्वेश्वर दास जी महाराज के सानिध्य में गुरु पर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया रात्रि को जागरण और भजन संध्या का आयोजन किया गया साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीण जनों द्वारा महंत का स्वागत किया गया।

## आहोर में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई आज

**गुरुज्योति पत्रिका/आहोर।** आहोर कस्बे में स्थित पंचायत समिति वीसी होल में आज गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन होगा। आहोर तहसीलदार हितेश त्रिवेदी ने बताया कि जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए माह के द्वितीय गुरूवार प्रातः 11 बजे से पंचायत समिति हॉल में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## लाइन मैन के परिजनो का 25 लाख रुपये का आर्थिक सहायता का चैक दियाः हरीश चौधरी



**गुरूज्योति पत्रिका/गिड़ा।** बीते दिनों बाटाडू जीएसएस से जुड़े किशने का तला गांव में बिजली लाइन का फॉल्ट ठीक करते वक्त केसुम्बला भाटियान निवासी देवीलाल पुत्र गुमनाराम की हादसे में मौत के शिकार हुए थे। इस घटना को लेकर माननीय पूर्व राजस्व मंत्री व बायतु के लोकप्रिय विधायक ने 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया था,जिसको लेकर आज परिवार की आर्थिक मदद के लिए माननीय पूर्व राजस्व मंत्री व बायतु के लोकप्रिय विधायक श्री हरीश चौधरी उनके गांव केसुम्बला भाटियान उनके घर पहुंचकर उन्होंने 25 लाख रुपये का चेक परिवारजनों को सौपकर आर्थिक सम्बल प्रदान किया।

## सच्चा गुरु वही जो अच्छा ज्ञान देः बलवीर छिल्लर

### विलक्षण संत महंत प्रभातीनाथ' बुक का जिला प्रमुख ने किया विमोचन



**गुरूज्योति पत्रिका/अलवर।** सच्चा गुरु वही जो अच्छा ज्ञान दे, यह कहना है अलवर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर का जो अलवर जिले के मुंडावर उपखंड क्षेत्र के गांव पेहल के अनंत श्री गोरक्षनाथ आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के सत्संग में विलक्षण संत महंत प्रभातीनाथ बुक के विमोचन समारोह में मु य अतिथि के रूप में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर ने कहा कि अच्छा गुरु अच्छे मार्ग पर चलना शिष्यों व समाज को सिखाता है जिससे की उनके जीवन में प्रकाश हो और वो उन्नति करें। इस अवसर पर पेहल के अनंत श्री गोरक्षनाथ आश्रम के महंत प्रभातीनाथ महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि अंत समय में गुरु का बताया मार्ग ही मुक्ति का साधन है। महंत प्रभातीनाथ महाराज ने कहा कि यह दिन गुरु के समक्ष अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। गुरू पूर्णिमा की पूर्व रात्रि में आयोजित भव्य सत्संग में आरआर कॉलेज अलवर के प्राचार्य डॉ. हुकम सिंह निर्भय द्वारा लिखी गई बुक विलक्षण संत महंत प्रभातीनाथ का अलवर जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, आश्रम महंत प्रभातीनाथ महाराज और बालयोगी बालकनाथ महाराज ने श्रद्धालुओं के साथ विमोचन किया । गुरू पूर्णिमा के अवसर पर देशभर से आए श्रद्धालुओं ने गुरु गोरक्षनाथ, शिवगोरक्षनाथ, दादा गुरु श्यामनाथ, दुर्बलनाथ महाराज आदि संत प्रतिमाओ सहित महंत प्रभातीनाथ महाराज का तिलक लगाकर गुरू पूजन किया, मनोकामनाएं मांगी और भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर शिष्य भूतनाथ , फोटोग्राफ संघ के अलवर जिलाध्यक्ष सुनील रामेजा व लक्ष्मीनारायण सहित देश भर से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे ।


# समाज व पुलिस से परेशान होकर युवक ने सुसाइड कर दिया

### युवक मानसिक रूप से परेशान होकर मोबाइल में स्टेटस लगा कर ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड किया

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**बायतु।** बाड़मेर जिले के कवास क्षेत्र में नागाणा थानान्तर्गत जिप्सम हॉल्ट गांव में ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने सुसाइड कर लिया। युवक का शव क्षत-विक्षत हालात में बिखर गया। सूचना पर नागाणा पुलिस व रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के वॉट्सऐप स्टेटस भी सामने आए है। जिसमे समाज व नागाणा पुलिस से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । पुलिस के अनुसार बुधवार को सूचना मिली कि जिप्सम हॉल्ट के पास एक युवक ट्रेन से कट गया और क्षत-विक्षत हालात में दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त खेताराम (35) पुत्र शंकराराम के रूप में हुई। पुलिस शव को ज अस्पताल में मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। स्थानीय लोगों के मुताबिक एक दिन पहले यानी मंगलवार को पारिवारिक जमीन रास्ते को लेकर विवाद हुआ था।




इसके बाद शाम को जेसीबी के साथ गांव से निकल गया था। रात को घर पर वापिस नहीं आया। बुधवार को पुलिस से सूचना मिली थी। मृतक ट्रेक्टर ड्राइवर था। नागाणा थानाधिकारी नरपतदान के मुताबिक परिजनों ने रिपोर्ट दी है कि खेताराम कान से कम सुनता था। पटरी के पास जा रहा था इस दौरा ट्रेन की चपेट में आने से इसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। वॉट्सऐप हमारे पास भी पहुंचे इसकी जांच करेंगे। नागाणा थाने में कोई मामला दर्ज नहीं है।

### स्टेटस पर लिखा मिस यू दोस्ती गलती माफ करना

सोशल साइट के जरिए दो वॉट्सऐप स्टेटस सामने आए है। एक लिखा है कि मीस यू दोस्तों गलती माफ करना और मैं मेरे समाज और मेरे नागाणा पुलिस से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं।

# मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पित्त की थैली से निकाली पथरी

### 50 वर्षीय अजन देवी को पथरी के दर्द से मिली राहत

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com



**सांचौर।** मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत जालोर जिले के सांचौर स्थित बी.लाल हॉस्पीटल में 50 वर्षीय महिला अजन देवी की पित्त की थैली से निःशुल्क ऑपरेशन कर लगभग 100 से अधिक छोटी-छोटी कंकडनुमा पथरी निकाली गई। अजन देवी पिछले चार वर्षो से पित्त की थैली में पथरी से दर्द से परेशान थी तथा आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पथरी का ऑपरेशन नहीं करवा पा रही थी। जब उन्हांने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के बारे में सुना तो उसने सांचौर स्थित बी.लाल हॉस्पीटल में जाकर योजना के तहत पथरी का ऑपरेशन करवाने की बात कही जिस पर उनका जनरल एवं लेपरोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर मनीष कुमार चौधरी द्वारा अत्याधुनिक तकनीक द्वारा बिना चीरे दूरबीन (लेपरोस्कोप) द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन कर पित्त की थैली से लगभग 100 से अधिक छोटी-छोटी कंकडनुमा पथरी निकाली गई। डिडावा सेडवा बाड़मेर की रहने वाली अजन देवी निःशुल्क ऑपरेशन के बाद एकदम स्वस्थ है व प्रसन्न है। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया।

# बाल संरक्षण संकल्प रथ को हरी झण्डी दिखाकर राजगढ़ के लिए किया रवाना

### 16 दिन तक ग्राम पंचायतों में होगा भ्रमण, समापन पर होगा जिला स्तरीय बाल संरक्षण मेले का आयोजन

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**अलवर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर सुश्री वन्दना खोरवाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिले में बाल संरक्षण संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण संचालन के संबंध में आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। अति. जिला कलेक्टर वंदना खोरवाल ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को यात्रा के ग्राम भ्रमण के दौरान एवं यात्रा समापन पर राजगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय बाल संरक्षण संकल्प मेले में अभियान को सहयोग देने के निर्देश दिये। आमुखीकरण कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारीगण, राजगढ़ पंचायत समिति के 16 ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच उपस्थिति रहे। ए.डी.एम प्रथम अखिलेश कुमार पीपल एवं ए.डी.एम द्वितीय वंदना खोरवाल एवं 16 ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, सरपंच सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कारवां रथों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। बाल अधिकारिता विभाग अलवर के सहायक निदेशक रामनिवास यादव ने बताया कि बाल अधिकारिता विभाग, यूनिसेफ एवं पीसीसीआरसीएस के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे बाल संरक्षण संकल्प यात्रा की शुरूआत 24 जून को जयपुर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 7 जिलों के लिए रवाना की। यात्रा का प्रथम चरण जयपुर में स पन्न होने के बाद द्वितीय चरण के लिए अलवर के राजगढ़ पंचायत समिति का चयन किया गया है। जिसमें कारवां दल के बाल मित्रा ग्राम भ्रमण कर गांव-ढाणियों के अन्तिम छोर तक पहुंचेगे एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्रा व्यक्तियों की पहचान कर आवेदन तैयार कराने में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि यह यात्रा राजगढ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अलेई, बल्देवगढ, बिघोता, धमरेड, धीरोडा, डिगावड़ा, दुब्बी, फिरोजपुर जागीर, घेवर, गोला का वास, खोह दरीबा, कलेशान, कुण्डला, मल्लाना, मोतीवाडा में रूट चार्ट के अनुसार प्रात 10 बजे पहुंचकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक एवं स्कूलों में विभिन्न प्रकार के मनोवैज्ञानिक पद्धित से तैयार किये गये खेल के माध्यम से बच्चों के सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देकर बच्चों के साथ सोच परिवर्तन के लिये कार्य करेगी। यात्रा संयोजक विपिन तिवारी ने बताया कि भ्रमण कार्यक्रम के पश्चात 29 जुलाई को राजगढ में जिला स्तरीय बाल संरक्षण संकल्प मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सम्बन्धित विभाग अपनी स्टॉल लगाई जाएगी। मेले में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे और बच्चों का हौसलां बढाने के लिए राजस्थानी फिल्मों के कलाकार भी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर डी.एस.ओ जितेन्द्र नरूका, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग रविकान्त, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राकेश शर्मा, जिला परिषद की ए.सी.ई.ओ रेखा रानी व्यास, उप निदेशक महिला बाल विकास विभाग के देवाराम मीणा, पीओ बाल अधिकारिता सतीश चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक सुरेश कुडी, सीईओपीसीसीआरसीएस अजय कुमार तिवारी सहित राजगढ़ पंचायत समिति के चयनित ग्राम पंचायतों के सरपंचगण एवं ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## उपखण्ड अधिकारियों ने इन्दिरा रसोई केन्द्रों का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता जांची

**गुरूज्योति पत्रिका/जालोर।** जिला कलक्टर निशांत जैन के निर्देशन में उपखण्ड अधिकारियों ने जिले के नगरीय निकायों में संचालित इन्दिरा रसोई केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता जांची एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। राज्य सरकार द्वारा कोई भूखा न सोये'' के संकल्प के तहत जिले के नगरीय निकायों में संचालित इन्दिरा रसोई केन्द्रों में रियायती दर पर आमजन को पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। जिला कलक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार इन्दिरा रसोई योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग व भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए जालोर, भीनमाल व सांचैर नगरीय निकायों में संबंधित उपखण्ड अधिकारियों द्वारा इन्दिरा रसोई केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जालोर उपखण्ड अधिकारी दिनेशचन्द धाकड, भीनमाल उपखण्ड अधिकारी जवाहरराम चैधरी व सांचैर उपखण्ड अधिकारी शैलेन्द्र सिंह चारण ने इन्दिरा रसोई केन्द्रों पर स्वयं भोजन कर गुणवत्ता जांची एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।

# सब्जी मंडी में जमा हुआ बारिश का पानी, लोग हुए परेशान



◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**भीनमाल।** स्थानीय सूरजपालसिंह कृषि उपज मंडी समिति में बीती रात को हुई बारिश के बाद मंडी परिसर में पानी का भराव हो गया। इससे सब्जी लेने के लिए पहुंचने वाले शहर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी प्रशासन ने पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है। नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने बताया कि सब्जी मंडी परिसर में पानी का जमाव होने से इन दिनों लोग सब्जी खरीद नहीं पा रहे हैं। जमा पानी से इतना कि कीचड़ हो गया है कि पैर रखते ही लोग भी फिसल रहे हैं। सब्जी व्यापारी मोहन घांच ने बताया कि मंडी परिसर में पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने और सड़क मार्ग जर्जर होने से गढ्ढे पड़ गए हैं। जिससे बारिश होते ही मंडी परिसर में पानी जमा हो जाता है। जिससे कीचड़ हो जाता है। इस कारण सब्जियों को रखने में भारी परेशानी हो रही है।

## नवाचारः अभियान उजास-जिला कलक्टर के नवाचार से जिले के 437 सरकारी विद्यालयों में होगा उजास

◆ गुरूज्योति पत्रिका
gurujyotipatrika.com

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने पदभार संभालने के उपरान्त महत्वपूर्ण विभागों की प्रथम बैठक में समीक्षा के दौरान सामने आया कि जिले के 437 राजकीय विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं है। इसको उन्होंने गंभीरता से लेकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी से विद्युतीकरण विहिन विद्यालयों की सूची बनवाने के निर्देश दिये तथा उन्होंने चिन्ता जाहिर की बच्चे देश का भविष्य है और बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता के अभाव में विद्यार्थी गर्मी में ताप सहते हुए इन विद्यालयों में अध्ययन करते हैं तथा कोरोना महामारी की वजह से ऑनलाइन अध्ययन का महत्व बढा है। इंटरनेट के इस दौर मे ऑनलाइन शिक्षा के लिए विद्युतीकरण आवश्यक है। इन सब तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने जिले में विद्युत कनेक्शन से वंचित सभी सरकारी विद्यालयों का विद्युतीकरण कराने के लिए अभियान उजास संचालित करने का नवाचार किया है। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि वंचित राजकीय विद्यालयों में बिजली पहुंचाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करते हुए सीएसआर एवं भामाशाहों को प्रेरित कर विद्युतीकरण में इनका सहयोग लेवे। आवश्यकता होने पर विद्यालयों के संस्था प्रधानों के कम्पोजिट स्कूल ग्रांट एवं विकास कोष का भी उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए शिक्षा विभाग विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन पूर्ण सहयोग करेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. सोनी ने नागौर जिला कलक्टर रहते हुए अभियान उजास को संचालित कर वहां के 979 राजकीय विद्यालयों का विद्युतीकरण भामाशाह एवं आमजन के सहयोग से कराया था। तत्कालीन मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने अभियान उजास की तर्ज पर प्रदेश के अन्य जिलों में भी वंचित सरकारी विद्यालयों के विद्युतीकरण के लिए सभी जिला कलक्टरों को अभियान चलाने के निर्देश दिये थे।

स्वात्वाधिकारी, मालिक, प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक संतोषचंद्र द्वारा जी.एन.ऑफसेट प्रिंटर्स अंसल प्लाजा के पीछे, स्टेडियम शॉपिंग सेंटर, जोधपुर से मुद्रित एवं विनायक नगर ए, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस, वार्ड नं08 भीनमाल जिला जालौर (राजस्थान) से प्रकाशित। मो.9887894894 TC NO. RAJHIN27936